कैप्सूल एंडोस्कोपी

CapsoCam Plus® का उपयोग

360° पैनोरैमिक दृश्य वाला एकमात्र कैप्सूल

यदि आप आयरन की कमी, क्रोहन रोग, सीलिएक रोग, रक्तस्त्राव, या रक्तहीनता से पीड़ित हैं, तो आपका डॉक्टर आपको आपकी छोटी आँत (आपकी जठरांत्र (GI) ग्रंथ का एक हिस्सा) के अंदर की संभव असामान्यताओं को दिखाने के लिए कैप्सूल एंडोस्कोपी प्रक्रिया करवाने को कह सकता है।

Capso CAM PLUS®

मरीज़ की स्वतंत्रता के लिए तैयार किया गया

कैप्सूल एंडोस्कोपी क्या है?

कैप्सूल एंडोस्कोपी एक प्रक्रिया है जिससे आपके डॉक्टर एक कैप्सूल के अंदर छोटे कैमरों का इस्तेमाल कर पाते हैं, ऐसा कैप्सूल जिसे जब निगला जाता है तो ये आपकी छोटी आँत में से होकर गुज़रने पर उसके अंदर का दृश्य प्रदान करता है। अधिक आक्रामक परम्परागत एंडोस्कोपिक प्रक्रियाओं का इस्तेमाल करते हुए इस क्षेत्र में पहुँचना और इसे देखना मुश्किल होता है।



CapsoCam Plus कैसे काम करता है?

CapsoCam Plus जब आपकी प्रणाली से होकर गुज़रता है तो आपके पाचन तंत्र की एक अनूठी 360º वीडियो कैप्चर करता है। प्रक्रिया आसान होती है:

- अपनी प्रक्रिया से एक दिन पहले से पेट को साफ रखें ताकि आपकी आँत के साफ दृश्य को सुनिश्चित किया जा सके।
- पानी के पूरे भरे हुए गिलास के साथ कैप्सूल को निगल जाएँ।
- 3-30 घंटे के बाद मल त्यागने के बाद एक सरल पुनर्प्राप्ति विधि का इस्तेमाल करते हुए कैप्सूल को पुनर्प्राप्त करें।
- अपने डॉक्टर को कैप्सूल डाक द्वारा भेजें या उसके पास ले कर आएँ।
- आपका डॉक्टर वीडियो की समीक्षा करेगा और आपके साथ जाँच परिणाम साझे करेगा।

CapsoCam Plus कैप्सूल का आकार लगभग एक बड़े मल्टी-विटामिन जितना होता है और इसे पानी के कुछ घूँटों के साथ निगला जा सकता है।

क्या मुझे दर्द महसूस होगा?

आपको कैप्सूल निगलते समय या कैप्सूल के आपके पाचन तंत्र से होकर गुज़रते समय कोई भी दर्द महसूस नहीं होना चाहिए। CapsoCam Plus कैप्सूल को स्वभाविक रूप से शौच में बाहर आ जाना चाहिए। अन्य एंडोस्कोपिक प्रक्रियाओं से अलग, आपको बेहोश करने की ज़रूरत नहीं पड़ेगी।

मैं कैप्सूल लेने की तैयारी कैसे करूँ?

अपना कैप्सूल निगलने से पहले, अपने डॉक्टर को सभी दवाओं, दवाओं से होने वाली एलर्जियों और चिकित्सीय स्थितियों की एक सूची प्रदान करें। आपका डॉक्टर आपको बताएगा कि उपवास करना कब शुरू करना है। वे आपको प्रक्रिया से पहले के और बाद के निर्देश भी प्रदान करेंगे। एक सफल परिणाम की सर्वोत्तम संभावना को निर्धारित करने के लिए, अपने डॉक्टर के सभी निर्देशों का ध्यानपूर्वक पालन करें।

"मेरे मरीज़ इस बात को लेकर हमेशा हैरान होते हैं कि CapsoCam Plus कैप्सूल को कितनी आसानी से निगला जा सकता है। और कैप्सूल को पुनर्प्राप्त करना उनके लिए अत्यंत आसान रहा है।"

माइकल बेस, M.D., जठरांत्र चिकित्सक
डेलावेयर, नेवार्क, DE के GI विशेषज्ञ

“विकल्प दिए जाने पर, मेरे मरीज़ हमेशा CapsoCam Plus का चयन करते हैं। वे आकर, कैप्सूल को निगल कर अपने रोज़मर्रा के काम जारी रख सकते हैं और उन्हें एहसास भी नहीं होता कि वे एक प्रक्रिया करवा रहे हैं।”

इआन स्टॉर्च, D.O., जठरांत्र चिकित्सक
लॉन्ग आइलैंड, न्यू हाइड पार्क, NY के जठरांत्र विज्ञान सलाहकार

मैं कैप्सूल की पुनर्प्राप्ति कैसे करूँ?

CapsoCam Plus कैप्सूल को लेने से पहले, आपका डॉक्टर आपको CapsoRetrieve किट देगा। किट को घर पर ले जाएँ और और तुरंत ही इस्तेमाल करने के निर्देश देखें। यदि आपके कोई भी प्रश्न हों, तो अपने डॉक्टर से ज़रूर बात कर लें।

आप CapsoVision की वेबसाइट पर भी जा सकते हैं जहाँ आप कैप्सूल पुनर्प्राप्ति प्रक्रिया पर एक संक्षिप्त वीडियो देख सकते हैं।

CapsoCam Plus कैप्सूल की पुनर्प्राप्ति कैसे करनी है, इसके बारे में एक छोटी अनुदेशात्मक वीडियो देखने के लिए आप हमारी इस वेबसाइट पर भी जा सकते हैं:

https://capsovision.com/patient-resources/what-to-expect-with-capsocam/

CapsoRetrieve किट कैप्सूल को वापस से प्राप्त करने आसान बना देती है।

1

जब शौच करने का समय हो, तो रिट्रीवल पैन को टॉयलेट बाउल के पीछे वाली साइड पर रखें।

2

यदि ज़रूरत हो, तो पैन पर कुछ पानी छिड़क दें जिससे कैप्सूल को देखना आसान हो जाए।

3

हाथ लगाए बिना कैप्सूल प्राप्त करने के लिए, कैप्सूल को पैन में आने देने के लिए चुंबकीय छड़ी का उपयोग करें।

4

चुंबकीय छड़ी से कैप्सूल को अलग करने के लिए लिड का इस्तेमाल करें और उसे शीशी में डालें।

5

लिड को लॉक करें और शीशी को अपने डॉक्टर के ऑफिस में वापस भेजें।

या

या यदि आपके डॉक्टर ने आपको प्रीपेड FedEx® लिफाफा दिया है, तो शीशी को उसमें डालें और उसे किसी भी FedEx लोकेशन पर छोड़ दें।

CapsoRetrieve किट में कुछ निर्देश भी दिए गए हैं जो कैप्सूल की पुनर्प्राप्ति प्रक्रिया में आपका मार्गदर्शन करते हैं। निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और यदि आपके कोई प्रश्न हों तो अपने डॉक्टर से बात करें।

प्रक्रिया की अपॉइंटमेंट की जानकारी

प्रक्रिया की तारीख: ______________________

प्रक्रिया का दिन: ______________________

प्रक्रिया का समय: ______________________

संपर्क जानकारी:

____

____

____

सावधानी: संघीय कानून के प्रतिबंध के अनुसार इस डिवाइस को केवल एक लाइसेंसधारी स्वास्थ्य सेवा चिकित्सक के द्वारा बेचा जा सकता है या उसके आदेश पर बेचा जा सकता है।

जोखिम की जानकारी

चाहे बहुत ही दुर्लभ, लेकिन फिर भी सभी कैप्सूल एंडोस्कोपी प्रक्रियाओं के कुछ जोखिम होते हैं। संभावित जटिलताओं में छोटी आँत की रुकावट के कारण श्वसन जोखिम और कैप्सूल का अंदर रह जाना शामिल है। एंडोस्कोपिक प्लेसमेंट के अतिरिक्त प्रक्रिया से जुड़े जोखिम हो सकते हैं। ऐसी जटिलताओं के होने पर इनसे निपटने के लिए चिकित्सीय, एंडोस्कोपिक या सर्जिकल हस्तक्षेप की आवश्यकता हो सकती है। CapsoCam Plus को निगलने के बाद और कैप्सूल के बाहर निकलने तक, मरीज़ों को चोट आदि से बचने के लिए किसी प्रबल इलेक्ट्रोमेग्नेटिक क्षेत्रों के निकट नहीं जाना चाहिए। अधिक जानकारी अपने चिकित्सक से प्राप्त करें।

CapsoVision®

CapsoVision.com

ADV-5490 HIUS Rev C 08/20 © 2020 CapsoVision, Inc. सभी अधिकार सुरक्षित।